**Title:** Requests the Central Government to bring a legislation on creation of a seperate State of Chattisgarh.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान मध्य प्रदेश के उस मामले की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा जिस में केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य को अलग राज्य के रूप में देने का महत्ती निर्णय किया है। वहां के मुख्यमंत्री ने उस क्षेत्र की जनता को आपस में लड़ाने के लिए एक तरफ रायपुर को राजधानी बनाने की घोषणा कर दी है और दूसरी तरफ बिलासपुर में जाकर कहते हैं कि यह मामला विचाराधीन है जबकि पूरा मामला केन्द्र के अधीन है। इस सम्बन्ध में विधेयक प्रस्तुत होना है। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि यह विधेयक शीघ्र लाया जाए जिससे क्षेत्र के अंचल की जनता की भावनाएं पूरी हो सकें।

... (व्यवधान)

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): सभापति महोदय, इस बारे में मुझे भी निवेदन करना है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय :छत्तीसगढ़ के बारे में और किसी ने अपनी बात नहीं कही है, आप कैसे इस मामले को उठाएंगे?

... (व्यवधान)

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी :अजीत जोगी जी उठा रहे थे।

सभापति महोदय : उनका भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। अगर ऐसे ही हाउस चलेगा तो हम उसे कैसे कंडक्ट करेंगे?